## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्रदेश के कुछ जिलों में भारी बारिश की संभावना

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में मानसून शुरू होते ही बारिश के बंद हो जाने के बाद अब फिर प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश होने की संभावना है। इसको लेकर मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए 6 जिलों में अगले 24 घंटे तक भारी बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि 4 जुलाई सुबह 8:30 बजे से 5 जुलाई सुबह 8:30 बजे तक प्रदेश के जशपुर, सरगुजा, कोरबा, बिलासपुर, रायगढ़ और जांजगीर-चांपा जिलों में कुछ स्थानों पर मध्यम से भारी वर्षा होने की संभावना है।

### गेरवानी बस स्टैंड पर किशोर बालक के पास मिला 12 बोर देशी कट्टा, पूंजीपथरा पुलिस ने की आर्म्स एक्ट की कार्यवाही

**रायगढ़।** नव पदस्थ थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह बैंस को गेरवानी बस स्टैंड के पास एक लड़के को देशी कट्टा के साथ देखे जाने की सूचना मुखबिर द्वारा दिया गया। तत्काल थाना प्रभारी द्वारा थाने के पेट्रोलिंग स्टाफ को गेरवानी बस स्टैंड रवाना किया गया। जहां पेट्रालिंग स्टाफ द्वारा सुरक्षा उपाय अपनाते हुए संदेही को हिरासत में लिया गया जिससे पूछताछ करने पर संदेही नाबालिग और जांजगीर-चांपा का स्थाई निवासी होना पाया। विधि के साथ संघर्षरत बालक के पास से एक देशी कट्टा की विधिवत जप्ती कर थाना पूंजीपथरा में धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। कार्रवाई में एएसआई विजय एक्का, प्रधान आरक्षक अमित तिर्की, राधेश्याम कमल एवं हमराह स्टाफ की अहम भूमिका रही है।

### पंचम विधानसभा का सत्रहवां सत्र 18 से 21 जुलाई तक

#### अपर कलेक्टर संतन देवी जांगड़े नोडल अधिकारी नियुक्त

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ विधानसभा की पंचम विधानसभा का सत्रहवां सत्र 18 से 21 जुलाई 2023 तक आहूत की जाएगी। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने उक्त सत्र में प्राप्त होने वाले स्थगन, शून्यकाल, आश्वासनों, तारांकित/अतारांकित, ध्यानाकर्षण, अशासकीय संकल्प, याचिका आदि तथा लोक लेखा समिति से संबंधित पत्राचार/जानकारी निर्धारित समयावधि में तैयार कराकर शासन को उपलब्ध कराने हेतु अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### भूपेश पंचायत के आम व उप निर्वाचन में निर्वाचित पंच-सरपंच

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) सारंगढ़ बिलाईगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में त्रिस्तरीय पंचायत आम व उप निर्वाचन में निर्वाचित व्यक्तियों की सूची जारी की है। इसके अनुसार देवसागर के वार्ड 4 से पंच महेन्द्रपाल वैष्णव, मुड़वाभांठा के वार्ड-15 से भूपेन्द्र कुमार जांगड़े, टिमरलगा से सरपंच अनुपमा पटेल, खुडुभांठा के वार्ड-2 से पंच अनीता देवी खुंटे, बारादावन से सरपंच ममता मालाकार, कोकबहाल के वार्ड-2 से पंच मकरध्वज बगरती, अमलडीहा से सरंपच सुमित्रा कैवर्त, बालपुर से सरपंच रेखा खटकर, टेढ़ीभदरा से सरपंच प्रेमकुमारी नारंग निर्वाचित हुई है। इसी प्रकार टेढ़ीभदरा के वार्ड-1 से धीरसाय बंजारे, वार्ड-2 से सरिता राजकुमार भारती, वार्ड-3 से शशि मनोज निराला, वार्ड-4 से सुरेश कुमार बघेल, वार्ड-5 से राजा कुमार बघेल, वार्ड-6 से अम्बेश्वरी मानिकपुरी, वार्ड-7 से शशी कुमार धृतलहरे, वार्ड-8 से उत्तरा कुमार यादव, वार्ड-9 से दिलबाई अशोक रत्नाकर और वार्ड-10 से पद्मा बाई लहरे निर्वाचित हुई हैं। उल्लेखनीय है कि पंच-सरपंच के लिए 27 जून 2023 को मतदान किया गया था।

### अपर कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने कलेक्ट्रेट में जनदर्शन के माध्यम से लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने प्राप्त आवेदनों के आधार पर सभी संबंधित विभागों को समस्याओं का त्वरित निराकरण कर अवगत कराने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर ने राशन कार्ड जारी करने और विधवा पेंशन के आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए जिससे संबंधित व्यक्ति योजनाओं का लाभ उठा सकें। जनदर्शन में कुल 39 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें चिरायु योजना अंतर्गत बालिका आराध्या निषाद के आंखों के आपरेशन के संबंध में आवेदन किया गया, जिस पर अपर कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को सूचित कर आवश्यक करने को कहा। जनदर्शन में अंत्योदय राशन कार्ड हेतु आवेदन करने आए ग्राम पंचायत हरदी निवासी दिग्विजय सिंह नेता पिता जीवन सिंह जो हाथ से भोजन करने और बोलने में असमर्थ हैं, उन्हें तत्काल राशन कार्ड प्रदान किया।

# रोजगार मेला : 104 आवेदक मौके पर हुए चयनित, शेष पदों के लिए प्रक्रिया जारी, औपचारिकता पूर्ण कर जल्द मिलेगी नौकरी

- स्थानीय लोगों को रोजगार प्रदान करना हमारी प्राथमिकता-कलेक्टर सिन्हा
- रोजगार मेला के माध्यम से हर वर्ग के आवेदकों को मिल रहा योग्यतानुसार जॉब
- कलेक्टर सिन्हा की पहल 15 दिनों में लगेगा रोजगार मेला



**रायगढ़।** पढ़ाई-लिखाई पूर्ण करने के पश्चात युवाओं को रोजगार मिले आज की सबसे बड़ी जरूरत है। रोजगार सरकारी क्षेत्र में हो या निजी क्षेत्र में, योग्यतानुसार कार्य मिले यह आवश्यक है। सेवाओं में आने से युवाओं में स्वाभाविक रूप से उत्साह का संचार भी होता है। इसी संकल्प की पूर्ति के लिए कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की पहल पर जिले के शिक्षित युवाओं को रोजगार से जोडऩे का कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत जिले में लगातार रोजगार मेले का आयोजन हो रहा हैं। रोजगार मेला के माध्यम से अभी तक 1100 से अधिक युवाओं को स्थानीय उद्योगों में रोजगार मिल चुका है। इसी क्रम में आज जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र रायगढ़ में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। आयोजित रोजगार मेला में विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक एवं जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल भी उपस्थित रहे।

विधायक प्रकाश नायक ने कहा कि मुख्यमंत्री के मंशानुरूप युवाओं को रोजगार से जोडऩे जिला प्रशासन लगातार रोजगार मेले का आयोजन कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छा प्रयास है, जिससे स्थानीय युवाओं को एक ही जगह में अपने पसंद के रोजगार प्राप्त कर हो रहे हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने कहा कि स्थानीय युवाओं को रोजगार मुहैय्या कराने के उद्देश्य से रोजगार मेला का आयोजन किया गया हैं, ताकि यहां ज्यादा से ज्यादा आवेदकों को रोजगार मिल सके। इससे पहले विकासखण्ड तमनार, आईटीआई रायगढ़ के साथ आज जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र में रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। इससे बड़ी संख्या में उद्योगों में स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल रहा है।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि जिले में स्थापित उद्योगों में स्थानीय शिक्षित युवाओं को रोजगार प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है, जिसके लिए उद्योगों से चर्चा कर रिक्तियां मंगाई जा रही है। ताकि स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। इसके अलावा शिक्षित युवाओं के लिए रोजगार उपलब्ध कराने हेतु रायगढ़ रोजगार मितान वेबसाइट भी बनाया गया है। जहां शिक्षित युवा स्थानीय उद्योगों के रिक्तियां पता कर अपना रजिस्ट्रेशन कर, रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा जिला प्रशासन द्वारा हर 15 दिनों में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार मिल सके।

**530 रिक्तियों के लिए लगा रोजगार मेला, मौके पर 104 आवेदक हुए चयनित-** जिला प्रशासन की पहल पर आज रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में आवेदक पहुंचे हुए थे। मौके पर 104 आवेदक चयनित हुए। मेले में 6 नियोजकों के माध्यम से कुल 530 पद रिक्तियां शामिल थी। 787 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 636 पंजीकृत हुए। वहीं शेष 426 की चयन प्रक्रिया जारी है। जल्द ही उनकी भर्ती की औपचारिकता पूर्णकर उन्हें नौकरी प्रदान की जाएगी।

**रोजगार मेले का युवाओं ने किया सराहना, जिला प्रशासन को दिया धन्यवाद-** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की पहल पर आयोजित रोजगार मेले को युवाओं ने सराहना करते हुए कहा कि पहले स्थानीय उद्योगों की रिक्तियां के बारे में पता नहीं चल पाता था, लेकिन जिला प्रशासन के माध्यम से अब स्थानीय उद्योगों, निजी संस्थानों की रिक्तियों की जानकारी मिल पा रही है। जहां एक ही स्थान में कई उद्योग, प्राइवेट संस्थान अपनी रिक्तियां लेकर उपस्थित रहते है। जहां आवेदक योग्यतानुसार अपने पसंद का रोजगार प्राप्त कर सकते है।

रोजगार मेला में साक्षात्कार देने आये नरेन्द्र देवांगन ने कहा कि जिला प्रशासन की पहल पर आज यहां रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसके माध्यम से स्थानीय लोगों को रोजगार मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे पहले तमनार में रोजगार मेला का आयोजन किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं को रोजगार से जुडऩे का अवसर मिला। ग्राम-बरपाली के चैतन्य राज बैरागी ने कहा कि जिला प्रशासन की इस मुहिम से स्थानीय शिक्षित लोगों को रोजगार मिल पा रहा है।

## सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यों ने किया एनएच-49 और खरसिया-धरमजयगढ़ मार्ग के ब्लैक स्पॉट की समीक्षा

- हादसे में कमी लाने अधिकारियों को मार्ग पर रंबल स्ट्रीट संकेतिक बोर्ड दुरुस्त करने समेत कई आवश्यक सुधार के निर्देश



**रायगढ़।** सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने की दिशा में आज सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यों द्वारा NH-49 रायगढ़-खरसिया एवं खरसिया-धरमजयगढ़ मार्ग का निरीक्षण कर मार्ग के ब्लैाक स्पॉट का समीक्षा किया गया है।

सड़क दुर्घटनों में कमी लाने सड़क सुरक्षा समिति निरंतर प्रयासरत है। समिति द्वारा समय-समय पर लोगों को जागरूक करने के साथ ही सड़कों पर आवश्यक सुधार कार्य कराया जा रहा है। आज जिला परिवहन अधिकारी दुष्यंत रायस्त, ट्रैफिक डीएसपी सुशांत बनर्जी, एनएच एवं पीडब्डूडी के अधिकारीगण द्वारा रायगढ़-खरसिया एवं खरसिया-धरमजयगढ़ मार्ग का के निरीक्षण पर ऐसे स्थान जहां सांकेतक व रंबल स्ट्रिप की आवश्यकता प्रतीत हुई चिन्हिांकित किये गये तथा हादसों की समीक्षा कर नये ब्लैक स्पॉट्स को चिन्हित किया गया है, जिसमें अतिशीघ्र सुधार के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया है । निरीक्षण टीम के साथ खरसिया पुलिस भी मौजूद थी।

## ग्राम घघरा और खम्हार में खरसिया पुलिस की जुआ रेड कार्यवाही, 5 जुआरियों से 24,920 रुपए जब्त

**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन एवं एसडीओपी खरसिया निमिषा पांडे के मार्गदर्शन पर कल थाना खरसिया और चौकी खरसिया की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम खम्हार में खुडखुड़िया पट्टी में जुआ खेलने की सूचना पर जुआ रेड कार्यवाही किया गया जहां जुआ खेलने वाले पुलिस को देखकर भागने लगे, जुआ खिलाने वाला जगदीश प्रसाद निषाद पिता गजानंद निषाद उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम जर्वे थाना नगरदा जिला सक्ती को मौके से जुआ सामग्री खुडखुड़िया पट्टी गोटी झंडी मुंडी के साथ गिरफ्तार किया गया है। जुआ फड और आरोपी से कुल रु.1820 जब्ती की गई, आरोपी पर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम धारा 6 के तहत कार्यवाही किया गया है।



वहीं चौकी प्रभारी खरसिया उपनिरीक्षक अमिताभ खंडेकर के नेतृत्व में चौकी खरसिया पुलिस द्वारा घघरा तालाब के पास जुआ फड पर 52 पत्ती ताश से जुआ खेल रहे जुआरियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया है। मौके पर जुआडी (1) मंगेश राय पिता रमाशंकर राय उम्र 35 साल साकिन रतन महका चौकी खरसिया (2) गगन अग्रवाल पिता अनुप अग्रवाल उम्र 25 साल साकिन गंजबाजार खरसिया (3) ईशन यादव पिता ठुबुल राम यादव उम्र 36 साल साकिन सपिया थाना डभरा जिला सक्ती (4) शेरसिंह गबेल पिता जोईधा सिंह गबेल उम्र 50 साल साकिन गाडाबोरदी थाना खरसिया पकड़े गये। जुआडियों से नगद रु.23000 तथा 52 पत्ती ताश की जब्ती की गई है। आरोपियों पर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3(2) के तहत कार्यवाही किया गया है। कार्यवाही में चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अमिताभ प्रकाश खंडेकर, सहायक उपनिरीक्षक लक्ष्मी नारायण राठौर, हेमंत कश्यप, प्रधान आरक्षक शंकर सिंह क्षत्रिय, अशोक देवांगन, शिव कुमार वर्मा, आरक्षक विशोप सिंह, योगेंद्र सिदार, मुकेश यादव, साविल चंद्रा, भगत टंडन, हेमलाल कंवर, डमरूधर पटेल, त्रिभुवन सिदार शामिल थे।

## शास.नटवर इंग्लिश मीडियम स्कूल में मनाया गया जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव

- शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता में सुधार लाने दृढ़ संकल्पित है छत्तीसगढ़ शासन-विधायक नायक
- मुख्यमंत्री की सोच ला रही नवाचार, जिला सहित ब्लाक मुख्यालय में खोले गए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल



**रायगढ़।** जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन आज शास. नटवर इंग्लिश मीडियम स्कूल परिसर में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक ने नवप्रवेशी स्कूली बच्चों को तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को गणवेश, पाठ्य पुस्तक के साथ नि:शुल्क सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत कक्षा नौवी की बालिकाओं को सायकल का भी वितरण किया।

विधायक प्रकाश नायक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शिक्षा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दे रही है, उनकी सोच नवाचार ला रही है। जिसकी वजह से आज प्राइवेट स्कूलों की तर्ज पर जिला मुख्यालय के साथ ब्लाक मुख्यालयों में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले गये है। ताकि सामान्य एवं गरीब घर के बच्चे भी खूब पढ़े और निरंतर आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि सभी बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण करें और अपने जीवन में लक्ष्य को प्राप्त करते हुए गांव, शहर व देश-दुनिया में अपना नाम रोशन करें। विधायक नायक ने शिक्षक-शिक्षिकाओं, प्राचार्यों और अभिभावकों को नये शिक्षा सत्र के शुभारंभ और शाला प्रवेशोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि यही बच्चे हमारा भविष्य हैं और इन बच्चों को शिक्षा का उचित वातावरण देना हमारी जिम्मेदारी है ताकि इनका पढ़ाई में मन लगा रहे। स्वामी आत्मानंद स्कूलों के खुलने से राज्य में शिक्षा के प्रति फिर से रूझान बढ़ा है और वर्तमान में प्रत्येक वर्ग के लोग अपने बच्चों को इन स्कूलों में पढ़ाने के लिए प्रयासरत हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गरीब, असहाय आदिवासी, ग्रामीणों क्षेत्रों के बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने के लिए कटिबद्ध है। प्राइवेट स्कूलों के महंगे शिक्षा से निजात दिलाने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी और हिन्दी माध्यम स्कूल का शुभारंभ किया है, जहां सभी वर्ग के बच्चे नि:शुल्क रूप से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि माता-पिता की सबसे बड़ी चिंता अपने बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा दिलाने की है, जिसे हमारे प्रदेश के मुखिया ने दूर किया। स्वामी आत्मानंद स्कूल की मांग जगह-जगह होने लगी है।

महापौर जानकी काटजू ने जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर उपस्थित सभी बच्चों को अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्कूल शिक्षा का मंदिर होता है और इस मंदिर को भी हमेशा साफ-सुथरा रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वामी आत्मानंद स्कूलों के खुलने से राज्य में शिक्षा के प्रति फिर से रूझान बढ़ा है और वर्तमान में प्रत्येक वर्ग के लोग अपने बच्चों को इन स्कूलों में पढ़ाने के लिए प्रयासरत हैं। आज के दौर में स्कूलों में शिक्षा का वातावरण बनाना जरूरी है। बच्चों को शिक्षा के साथ खेलकूद और अनुशासन पर भी ध्यान देना है।

जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अवधराम पटेल, संगीता गुप्ता एवं संतोषी राठिया, शाला विकास समिति के अध्यक्ष संतोष राय, नारायण घोरे, शेख ताजिम, डिप्टी कलेक्टर राजीव पाण्डेय, जिला शिक्षा अधिकारी बी.बाखला, सहायक संचालक के.के.स्वर्णकार, सहायक संचालक शिक्षा सुश्री तरशिला एक्का, डीपीओ जी.के.वर्मा, एडीपीओ जे.के. राठौर, एपीसी भूपेन्द्र पटेल, एपीसी आलोक स्वर्णकार, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जी.आर.जाटवर, प्राचार्य रूबी सज्जू वर्गीस, प्राचार्य राजेन्द्र मेहर, व्याख्याता राजेन्द्र कलेत, बीआरसी मनोज अग्रवाल, प्रभारी संकुल प्राचार्य प्रहलाद पटेल, एबीओ द्वारिका पटेल एवं अनिल साहू उपस्थित रहे।

## अचानकमार में बाघों की संख्या हुई 8, दो मादा भी शामिल



**बिलासपुर (आरएनएस)।** अचानकमार टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने दावा किया है कि यहां बाघों की कुल संख्या 8 हैं, जिनमें 2 मादा हैं। एक अन्य बाघ कान्हा टाइगर रिजर्व से अक्सर आता है। अचानकमार में बाघों की संख्या को लेकर वन विभाग संदेह के घेरे में रहा है। यहां भ्रमण करने वाले पर्यटकों को प्राय: बाघ दिखते ही नहीं हैं। पर इस बार वन विभाग ने ट्रैप कैमरों में कैद तस्वीरों के जरिये बाघों की उपस्थिति को लेकर दावा किया है। इसके मुताबिक एकेटी 2 नाम की मादा बाघिन की तस्वीर 16 फरवरी, 3 मार्च, 26 मार्च, 10 मई और 27 मई को कैमरे में कैद की गई है। एक अन्य मादा एकेटी 8 5 फरवरी, 26 फरवरी, 5 मार्च, 12 मई व 19 फरवरी को देखी गई। नर बाघ एकेटी 9 को 26 फरवरी, 17 फरवरी, 20 फरवरी, 1 अप्रैल व 25 मई को कैमरे में देखा गया है। मादा एकेटी 13 को 25 फरवरी को कैमरे में देखा गया। मादा एकेटी 114 को 3 मार्च, 11 मई, 14 मई और 16 फरवरी को कैमरे में कैद किया गया। नर एकेटी 5 को 6 दिसंबर को तथा मादा एकेटी 16 को 29 मई को कैमरे में कैद किया गया। एकेटी मादा 17 को 6 जून तथा 11 जून को कैमरे में ट्रैप किया गया है। इनके अलावा कान्हा अभयारण्य का एक टाइगर टी 100 भी यहां लगातार विचरण करने आता है, जो कई बार कैमरे में कैद हुआ है।

## कलेक्टर सिन्हा ने सुनी जनसामान्य की समस्याएं, अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश

- कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने दिव्यांग शिवा को प्रदान किया टेबलेट, पढ़ाई में मिलेगी सहायता
- आयोजित जनचौपाल में विभिन्न मांगों एवं शिकायतों के 86 आवेदन हुए प्राप्त



**रायगढ़।** नवागांव निवासी दिव्यांग शिवा राठिया टेबलेट व पेंशन की मांग को लेकर आज जनचौपाल पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि वे दृष्टि बाधित है एवं बारहवी तक पढ़ाई की है। उन्होंने आगे की पढ़ाई के लिए टेबलेट की मांग की। कलेक्टर सिन्हा ने शिवा राठिया को मौके पर जनचौपाल में टेबलेट प्रदान किया और कहा कि अच्छे से पढ़ाई करो। साथ ही उन्होंने उनके पेंशन प्रकरण का भी निराकरण के निर्देश समाज कल्याण विभाग को दिए। इसी प्रकार कयाघाट निवासी खेदू राम वृद्धा पेंशन के संबंध में आवेदन लेकर जन चौपाल में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि पेंशन नहीं मिलने से आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ रहा हैं, उन्होंने पेंशन दिलवाने का निवेदन किया। कलेक्टर सिन्हा ने समाज कल्याण विभाग को आवेदन की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए।

इसी क्रम में मितानिन प्रोत्साहन राशि में अंशदान की मांग को लेकर आज मितानिन जन चौपाल में पहुंचे थे। उन्होंने अंशदान प्रदान करने अनुरोध किया। कलेक्टर सिन्हा ने आवेदन पर उचित कार्यवाही के लिए सीएमएचओ को निर्देशित किया। ग्राम उसरौट निवासी गुरुवारी चौहान राशन की मांग हेतु आवेदन लेकर आयी थी। उन्होंने बताया कि उनका निराश्रित राशन कार्ड बना हुआ है, जिसमें 10 किलो राशन मिलता है, लेकिन जून में राशन नहीं मिला है। उन्होंने राशन प्रदान करवाने की मांग की। कलेक्टर सिन्हा ने खाद्य अधिकारी को आवेदन की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए।

इसी प्रकार किरोड़ीमल निवासी प्रेमनाथ सारथी ऋण हेतु आवेदन लेकर जन चौपाल पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि वे दिव्यांग है, जिससे चलने-फिरने में दिक्कत होती है। उन्होंने कलेक्टर सिन्हा से जीवन यापन के लिए दुकान संचालन हेतु ऋण उपलब्ध कराने का आग्रह किया। कलेक्टर सिन्हा ने अंत्यावसायी विभाग को आवेदन का प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश दिए। खरसिया तहसील के ग्राम जोबी निवासी रामकुमार खाता विभाजन का आवेदन लेकर जन चौपाल में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि खाता विभाजन के लिए आवेदन दिया गया है, लेकिन अभी तक खाता विभाजन नही होने से कृषि कार्य एवं शासकीय योजनाओं का लाभ नही मिल पा रहा हैं। कलेक्टर सिन्हा ने संबंधित अधिकारी को प्राथमिकता के साथ आवेदन का निराकरण के निर्देश दिए। खरसिया के ग्राम औरदा निवासी अनिल कुमार सड़क के ऊपर लगे तार को हटाए जाने का मांग आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि मेन रोड में तार सड़क के ऊपर लगा हुआ है। जिससे एंबुलेंस, स्कूल बस एवं भारीवाहन के आवाजाही में दिक्कत हो रही हैं। साथ ही दुर्घटना की आशंका बनी रहती हैं। उन्होंने वायर को हटवाने का निवेदन किया। कलेक्टर सिन्हा ने आवेदन पर सीएसईबी को जांच कर उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। ग्राम लमडांड के सरपंच राधिका सीसी रोड़ मांग का आवेदन लेकर जन चौपाल में पहुंची थी। उन्होंने बताया कि बारिश में गांव का मुख्य गली में कीचड़ हो जाता है। जिससे ग्रामीणों को आवाजाही में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने गांव में सीसी रोड़ स्वीकृत करने की मांग की। कलेक्टर सिन्हा ने उचित कार्यवाही हेतु सीईओ जिला पंचायत को निर्देशित किया।

इसी प्रकार जनचौपाल में पेंशन, राशन, राजस्व, चिकित्सा, पेयजल, भू-अर्जन, विद्युत, शिक्षा, वनअधिकार पत्र, पेंशन, श्रम, राशन आदि से संबंधित कुल 86 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने जिला स्तरीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश दिए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480